11 महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को दी श्रद्धांजलि



12 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शस्त्र पूजा के उपरांत किया पथ संचलन



## खबर संक्षेप

### खरहर में किसानों से मारपीट, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** गांव खरहर के खेतों में तीन किसानों के साथ मारपीट कर दी गई। डंडों और बिट्टों से हमला किया गया। तीनों को काफी चोट आई है। गांव के ही तीन किसानों पर आरोप है। आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में दीपक ने कहा है कि गत 28 सितंबर को फोन पर गांव के एक युवक ने धमकी दी थी कि खेत में आया तो कस्सी से काट दूंगा। इसके बाद 30 सितंबर को मैं अपने साथी विकास व पवन के साथ खेत में गया। वहां वह फोन पर धमकी देने वाला शख्स अपने दो साथियों संग आया। आते ही हमारे साथ झगड़ने लगा और डंडों से हमला कर दिया। हमले में हम तीनों को काफी चोट आई। फिर हमलावर धमकी देकर चले गए। हमें अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

### ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव भंभेवा फाटक पर रेलवे लाइन के नजदीक एक व्यक्ति का शव मिला है। सूचना मिलने के बाद रेलवे पुलिस घटना स्थल पर पहुंची तथा आवश्यक साक्ष्य जुटाते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी सतीश ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पाने के कारण उसे आगामी 72 घंटों के लिए शिनाख्त के लिए अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। मृतक की उम्र 40 से 45 वर्ष आंकी जा रही है। उसके हाथ पर राजीव लिखा है। इस संबंध में पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार, केस



**बहादुरगढ़।** एंटी नार्कोटिक्स सैल झज्जर की टीम ने बादली के एरिया से अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी से देशी पिस्तौल व एक कारतूस बरामद हुआ है। आरोपी की पहचान जगत सिंह के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ बादली थाने में केस दर्ज किया गया है।

### माजरी में विवाहिता ने फंदा लगाया

**बहादुरगढ़।** गांव माजरी में एक विवाहिता द्वारा फांसी लगाने का मामला सामने आया है। उसकी मौत के लिए मायके पक्ष ने पति सहित अन्य ससुरालियों को जिम्मेदार ठहराया है। बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान 22 वर्षीय शालू के रूप में हुई है। करीब छह महीने पहले उसकी शादी यहां माजरी में हुई थी। बुधवार को उसका शव फंदे पर लटका हुआ मिला। वीरवार को परिजनों के बयान के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। जांच अधिकारी जयकरण सिंह का कहना है कि इस संबंध में पति, सास, ननद व ननदोई के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

### सीएम से की क्षतिपूर्ति दिलवाने की मांग

**बहादुरगढ़।** शहर के मेन बाजार में जनरल स्टोर की दुकान में कई दिन पहले शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई थी। पीड़ित दुकानदार हरिचंद गुप्ता व रतन गोपाल गुप्ता ने भाजपा नेता जसबीर सैनी के साथ दिल्ली में मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की। सरकारी आर्थिक सहायता की गुहार लगाते हुए कहा कि उन्होंने अपनी दुकान में जीवन भर की पूंजी लगा रखी थी। लेकिन शार्ट सर्किट के कारण हुई आगजनी में सारा सामान जल गया। नुकसान के कारण उनका परिवार भूखा मरने की कगार पर आ पहुंचा है।

**खरीद न होने** से मंडी में बनाए गए टिन शेड पूरी तरह भर चुके, बाहर भी लगी ढेरियां

# बरसात ने बढ़ाई किसानों व आढ़तियों की चिंता, मंडी में तिरपाल से ढंकनी पड़ी फसल



हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

स्थानीय अनाज मंडी में बाजरे व धान की आवक निरंतर बनी हुई है। किसान गेट पास कटवा कर अपनी फसलें मंडी में डाल रहे हैं, लेकिन सरकार द्वारा बाजरे की खरीद अभी तक शुरू नहीं की गई है। इससे किसानों और आढ़तियों में भारी रोष है। मंडी में बनाए गए टिन शेड पूरी तरह भर चुके हैं और बाहर खुले मैदान में भी बाजरे व धान की ऊंची-ऊंची ढेरियां लग चुकी हैं। वीरवार को हुई हल्की बरसात ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी। श्रमिकों ने तिरपाल की सहायता से खुले में रखी फसलों को सुरक्षित रखने की कोशिश की।

#### प्रधान बोले-बारिश ज्यादा हुई तो संकट

आढ़ती एसोसिएशन के निवर्तमान प्रधान हरेंद्र सिलाना ने कहा कि हल्की बारिश के कारण फसल को ढंकने का समय मिल गया, लेकिन तेज बारिश की स्थिति में हालात गंभीर हो सकते थे। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द खरीद कार्य शुरू कराने की मांग की, ताकि किसानों और आढ़तियों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकारी खरीद कार्य शुरू न होने से मंडी में संकट गहराता जा रहा है।

#### प्राइवेट स्तर पर की जाएगी बाजरे की खरीद

आढ़ती एसोसिएशन के निर्वतमान प्रधान हरेंद्र सिलाना ने बताया कि सरकार द्वारा दी जाने वाली भावातंर भरपाई योजना के अंतर्गत बाजरे की खरीद प्राइवेट स्तर पर की जाएगी। आढ़तियों ने निर्णय लिया है कि 19 सौ रुपये प्रति क्विंटल बाजरा खरीदने का रेट तय किया है। वीरवार को भी कुछ बाजरा प्राइवेट स्तर पर खरीदा गया।

## महराणा के ग्रामीणों के लिए आफत बना जलभराव

**झज्जर।** जिले के गांव महराणा की अनुसूचित जाति कालोनी के निवासी गली में जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। गांव के बाबा साध मंदिर के साथ सटी अनुसूचित कॉलोनी वासियों की माने तो उनकी गली में यह समस्या पिछले कई वर्षों से बनी है। कॉलोनीवासी मदनलाल, भूपेंद्र, बृजलाल, भारत भूषण, जोगेंद्र, संजय, सुरेंद्र, अनिल, काले, आशा, बाला, रितु, सरोज, शकुंतला, मधु आदि ने बताया कि गांव की मुख्य गली के ऊंचा होने के कारण पानी निकासी नहीं हो पा रही। इस कारण नालियों का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर गली में फैला रहता है। बरसात या हल्की बूंदाबांदी के बाद स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। उन दिनों में पानी घरों के अंदर भी घुस जाता है जो लंबे समय तक नहीं निकल पाता।



#### दूसरी गली से जोड़ने का प्रस्ताव पारित : सरपंच

इस संबंध में ग्राम सरपंच राम अवतार से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि मंदिर की साथ लगती इस गली के मुहाने पर पहले के समय जोहड़ का घाट हुआ करता था। मुख्य गली के दूसरी तरफ जोहड़ है। साध मंदिर परिसर की चारदीवारी का विस्तार करने व पक्का रास्ता बनाने के कारण इस गली का लेवल नीचा हो गया है। अब इस बंद गली को गांव की अन्य दो गलियों से जोड़ने की कवायद शुरू की गई है जिसके लिए प्रस्ताव पास किया जा चुका है। इसी फिरनी पर बने स्टेडियम वाली गली व एक अन्य गली से जोड़ा जाएगा।

**काम करते हुए करंट लगा :** रोहतक के बलंभा का रहने वाला था 24 वर्षीय साहिल

## कर्मचारी की मौत पर फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

रोहद स्थित एक फैक्ट्री में काम के दौरान करंट लगने से युवक की मौत हो गई। वीरवार को आसौदा थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया। हादसे के लिए फैक्ट्री प्रबंधन की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया गया है। परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना बुधवार दोपहर की है। दरअसल, रोहतक जिले के गांव बलंभा का करीब 24 वर्षीय साहिल रोहद में स्थित सुपर सर्कल कंपनी में बतौर इलेक्ट्रिशियन कार्यरत था। बुधवार को वह ड्यूटी पर आया हुआ था और दोपहर के वक्त काम के दौरान करंट की चपेट में आ गया। साथी कर्मचारियों ने देखा तो संभाला और गंभीर हालत में अस्पताल में ले गए। ईलाज के दौरान उसे मृत घोषित क दिया गया।

#### पिता बोले- प्रबंधन ने सुरक्षा संसाधन उपलब्ध नहीं करवाए

मृतक साहिल इकलौता पुत्र था। उसकी मौत से परिजन आहत हैं। वीरवार को पोस्टमार्टम के दौरान अस्पताल परिसर में मौजूद परिजनों ने हादसे के लिए फैक्ट्री प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया। साहिल के पिता बिजेंद्र ने कहा कि काम करते वक्त कंपनी में सुरक्षा संसाधन, उपकरण न होने के कारण बेटे की जान गई है। हादसे के लिए यह लापरवाही जिम्मेदार है। वहीं, एसीपी आसौदा दिनेश सांगवान ने कहा कि परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। इस आधार पर केस दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जो कारण सामने आता है, उस आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। जांच शुरू कर दी गई है।

## भापड़ोदा से सोलर प्लेट चोरी




**बहादुरगढ़।** ग्रामीण क्षेत्र में खेती संबंधित समान चोरों के निशाने पर हैं। विशेषकर सोलर प्लेटों व मोटरों पर हाथ साफ किया जा रहा है। अब भापड़ोदा में वारदात हो गई। यहां संदीप नाम के किसान के खेत में ट्यूबवैल पर लगे सोलर की छह प्लेट चोरी हो गई। संदीप की शिकायत पर आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## माइनर में पांच माह का भ्रूण मिलने से सनसनी अब गर्भवती का रिकॉड खंगालने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

नहरों में कचरा व गंदा पानी फेंकने के मामलों के बीच अब एक और शर्मनाक घटना सामने आई है। छोटूराम पार्क के पीछे से गुजर रही सिंचाई माइनर में चार से पांच माह का भ्रूण बरामद हुआ है। इस घटना ने लोगों को झकजोर कर रख दिया है। सिटी थाना पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। दरअसल, जलघर में कार्यरत प्लंबर विकास कुमार बुधवार की शाम को माइनर किनारे टहल रहा था। तभी उसकी नजर माइनर में कचरे में फंसे अटके भ्रूण पर गई। यह देख वह दंग रह गया और उसने पुलिस को सूचना दी।

#### *एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए*

*सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भेज दिया है। भ्रूण लड़के का है। आशंका जताई जा रही है कि पहचान छिपाने और मामले को दबाने के लिए इसे माइनर में फेंका गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी के अनुसार, घटना की तह तक जाने के लिए आसपास के इलाकों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जाएगी। साथ ही शहर के विभिन्न अस्पतालों से गर्भवती महिलाओं का रिकॉर्ड भी खंगाला जाएगा। बता दें कि बहादुरगढ़ में बीते चंद वर्षों में लगभग दर्जनभर भ्रूण व नवजात शिशुओं के शव मिलने के मामले सामने आ चुके हैं। ये तमाम मामले अनसुलझे हैं।*

## बाइक से गिरकर दो युवक घायल, एक अस्पताल में भर्ती

**झज्जर।** वीरवार अलसुबह धौड़ चौक के नजदीक हुई एक दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवक घायल हो गए। राहगीरों की सहायता से घायलों को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल ले जाया गया। एक युवक को हल्की चोटें आने के कारण छुट्टी मिल गई जबकि दूसरे युवक की पैर में फ्रैक्चर आने के कारण वह अस्पताल में उपचाराधीन है।

दोनों युवक गुरुग्राम में इंटीरियर डिजाइनिंग का काम करते है



अस्पताल में उपचाराधीन युवक भिवानी निवासी रवि के साथी मंजीत ने बताया कि वे गुरुग्राम में इंटीरियर डिजाइनिंग का कार्य करते हैं। सुबह जब वे मोटरसाइकिल पर अपने घर जा रहे थे तो धौड़ चौक से आगे निकलकर बेरी मार्ग उनकी मोटरसाइकिल वहां लगाए गए अवरोधकों से जा टकराई जिस कारण वे मोटरसाइकिल सहित नीचे गिर गए। इस घटना में रवि के पैर में अधिक चोट आई है।

## सारिका बेस्ट कैडेट, आरडी कैंप में जाएंगे मनीष




बहादुरगढ़। बादली के राजकीय महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट, 8 हरियाणा बटालियन रेवाड़ी के कैडेट्स ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। महाविद्यालय के कैडेट मनीष का चयन गणतंत्र दिवस शिविर (आरडी कैंप) के लिए हुआ है। वहीं महाविद्यालय की सीनियर अंडर ऑफिसर सारिका को बेस्ट कैडेट के रूप में चुना गया है। प्राचार्य मेजर आनंद कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय के साथ ही पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। एनसीसी प्रभारी डॉ. मनजीत सिंह, रमेश कुमार समेत स्टाफ सदस्यों ने दोनों कैडेट्स को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## शरद पूर्णिमा पर जटेला धाम में किया जाएगा विशेष खीर का वितरण : राणा

**झज्जर।** गांव माजरा दूबलधन स्थित प्रसिद्ध जटेला धाम में आगामी 6 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के अवसर पर विशेष खीर का वितरण किया जाएगा। जटेला धाम के प्रवक्ता जितेंद्र सिंह राणा ने बताया कि इस पावन रात्रि को दुर्लभ औषधियों से तैयार खीर श्रद्धालुओं में वितरित की जाएगी। यह खीर पूरी तरह आयुर्वेदिक पद्धति से बनाई जाती है और इसमें कई प्रकार की दुर्लभ जड़ी-बूटियों का मिश्रण किया जाता है। मान्यता है कि इस खीर का सेवन दमा, नजला और खांसी जैसी बीमारियों के उपचार में बेहद लाभकारी होता है। यही कारण है कि हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस अवसर पर जटेला धाम पहुंचकर खीर प्रसाद का सेवन करते हैं।

#### धाम में रातभर चलेगा सत्संग और कीर्तन

उन्होंने बताया कि जटेला धाम में समय-समय पर सत्संग और भंडारे का आयोजन भी होता रहता है। शरद पूर्णिमा का यह अवसर धाम के वार्षिक कार्यक्रमों में सबसे विशेष माना जाता है। रातभर चलने वाले इस आयोजन में श्रद्धालु आध्यात्मिक वातावरण में भजन-कीर्तन का आनंद लेते हैं और सुबह तक खीर वितरण का कार्यक्रम चलता है। धाम प्रबंधन समिति का कहना है कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

## दंगल में निक्की ने जीती इनामी कुश्ती



**झज्जर।** क्षेत्र के गांव खाचरौली में राम नवमी पर्व के उपलक्ष्य में विशाल महिला कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। इस कुश्ती दंगल में पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक उमेश भूकर गोरिया ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने महिला पहलवानों के हाथ मिलवाकर कुश्ती शुरू कराई। उन्होंने कहा कि बेटियां देश की शान हैं। अभिभावकों को चाहिए कि वे अपनी बेटियों को शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में आगे बढ़ने का मौका दें। कोच मेनपाल ने बताया कि इनामी कुश्तियों में ग्यारह हजार रुपये की कुश्ती निक्की पहलवान, इक्यावन सौ रुपये की कुश्ती आशा तक्षक तथा इक्कीस सौ-इक्कीस सौ रुपये की कुश्तियों में सोनिका व भूमिका ने पहला स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता पहलवानों को आयोजक समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया।

चेयरपर्सन सरोज राठी ने नर सेवा नारायण सेवा संस्थान को सराहा

# सालासर रवाना हुआ चलायमान औषधालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

चेयरपर्सन सरोज राठी ने नर सेवा नारायण सेवा संस्थान के पुराना औद्योगिक क्षेत्र स्थित परिसर से एक निःशुल्क चलायमान औषधालय सालासर धाम के लिए रवाना किया। चिकित्सकों व सेवादारों सहित रवाना हुआ यह औषधालय वहां निःशुल्क चिकित्सा शिविर में सेवा देगा। वीरवार को आयोजित कार्यक्रम में वैद्य देवेंद्र रोहिल्ला ने चेयरपर्सन सरोज राठी का स्वागत किया और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया। सरोज राठी ने वैद्य देवेंद्र रोहिल्ला द्वारा नियमित रूप से लगाए जाने वाले निःशुल्क शिविरों के माध्यम से श्रद्धालुओं की चिकित्सा सेवा करने की सराहना की। नर सेवा नारायण सेवा संस्थान के माध्यम से वैद्य देवेंद्र रोहिल्ला 1980 से निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवा करके समाज को निरोग बनाने में जुटे हैं।




#### श्रद्धालुओं को निःशुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध करवाएंगे

रोहिल्ला ने बताया कि पूर्णिमा तक राजस्थान के सालासर धाम में लगने वाले मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को निःशुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए संस्थान द्वारा शिविर लगाया जा रहा है। इस अवसर पर आनंद रोहिल्ला, रवि रोहिल्ला, लतिका रोहिल्ला, हरीश कुमार, विनोद पोद्दार, अंजना देवी, सुनीता देवी, नीलम, डॉ स्नेह प्रकाश, अनिल वत्स, डॉ महेंद्र मुदगिल, रूपराम, राजीव, अनिल कुमार वशिष्ठ, बिजेंद्र छिल्लर व पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

## लडायन के यमंक का यूपीएससी में चयन

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव लडायन निवासी यमंक जाखड़ ने यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर गांव का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर गांव की सर्व जातीय 36 जाखड़ खाप द्वारा आगामी पांच अक्टूबर को उसे सम्मानित किया जाएगा। गांव के जाखड़ खाप चबूतरे पर होने वाले इस समारोह में खाप प्रतिनिधि व ग्रामीणों के अलावा सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग भी बड़ी संख्या में भागीदारी करेंगे। वर्तमान में यमंक भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में सहायक आयुक्त के पद पर कार्यरत हैं। अब यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल करने से गांव में खुशी की लहर है। यमंक की मेहनत व लगन ने यह साबित कर दिया है कि बड़े लक्ष्यों के सामने कठिनाइयां भी छोटी पड़ जाती हैं।



## बुराई के प्रतीक रावण का अंत



**बहादुरगढ़।** शहर के बादली रोड स्थित पुराने कोर्ट परिसर में विजयदशमी पर रावण दहन देखने के लिए असंख्य लोगों की भीड़ उमड़ी। हालांकि बारिश के कारण भीगा होने के कारण रावण का पुतला जलते-जलते ही धराशायी हो गया। इससे पहले विधायक राजेश जून ने रावण के पुतले को आग के हवाले किया। वीरवार को सुबह से ही घरों में अपराजिता पूजन, सरस्वती पूजन व शस्त्र पूजन विधि विधान से किया गया। ...विस्तृत समाचार पेज 12 पर

विशेष : वन्यजीव सप्ताह 2-8 अक्टूबर

# दुनिया के ये अनोखे चिड़ियाघर

बच्चो, जू यानी चिड़ियाघर ऐसी जगह होती है, जहां कई तरह के एनिमल्स और बड्र्स को रखा जाता है। उनकी पूरी देखभाल की जाती है। लेकिन दुनिया में कुछ जू ऐसे भी हैं, जहां की विशेषताओं के बारे में जानकर तुम हैरान रह जाओगे। जानो, दुनिया के कुछ ऐसे ही अमेजिंग चिड़ियाघरों के बारे में।

जंतु-जगत
रजनी अरोड़ा





बच्चो, तुम्हारे शहर या आस-पास के किसी शहर में चिड़ियाघर यानी जू देखने तो तुम जरूर गए होगे। यहां तुम तरह-तरह के वन्य जीवों को देख सकते हो। यहां तुम उन जंतुओं को भी देख सकते हो, जिनके केवल चित्र या वीडियो तुमने अपनी किताबों में, इंटरनेट या टीवी पर ही देखे होंगे। चिड़ियाघर के कर्मचारियों की देख-रेख में रह रहे इन जानवरों को देखने, इनके बारे में जानने-समझने का अपना अलग रोमांच होता है। वैसे तो देश-दुनिया में हजारों चिड़ियाघर हैं। लेकिन आज हम तुम्हें कुछ ऐसे चिड़ियाघरों के बारे में बता रहे हैं, जो अपनी विशेषताओं के कारण बहुत अनोखे हैं।

## लेहेलेदु वाइल्ड लाइफ जू , चीन



बच्चो, लगभग सभी चिड़ियाघरों में जानवरों और पक्षियों को पिंजरों में रखा जाता है। लेकिन जरा सोचो, वो चिड़ियाघर कैसा होगा, जहां जानवर तो खुले में घूमते हैं, लेकिन उन्हें देखने जाने वाले इंसानों को पिंजरे में बंद रखा जाता है। ऐसा ही एक चिड़ियाघर है, चीन के चोंगकिंग में स्थित लेहेलेदु वाइल्ड लाइफ जू। इस चिड़ियाघर में पशु-पक्षी अपने प्राकृतिक आवास में खुलेआम घूमते हैं। जबकि यहां आने वाले पर्यटक सुरक्षित पिंजरेनुमा गाड़ी में बंद होकर यहां घूमते हुए जानवरों और अन्य पशु-पक्षियों को बेहद करीब से देख सकते हैं, उन्हें खिला सकते हैं। चीते, शेर जैसे खतरनाक जानवर तो कई बार पर्यटकों से भरे पिंजरेनुमा गाड़ी पर चढ़ भी जाते हैं। सोचो, ये सब कितना रोमांचक होता होगा न!

## सिंगापुर चिड़ियाघर, सिंगापुर




यह दुनिया के बेहतरीन चिड़ियाघरों में एक माना जाता है। इस चिड़ियाघर को 11 पारिस्थितिक क्षेत्रों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रत्येक क्षेत्र से संबंधित प्रजातियों/जीव-जंतुओं के लिए उनके अनुकूल आवास बनाए गए हैं। इस जू में बच्चों के लिए कई विशेष कार्यक्रम भी तैयार किए गए हैं। जैसे- किड्स रेंजर टूर, जिसमें बच्चे चिड़ियाघर संचालक की भूमिका निभाते हैं। इस जू में एनिमल शो का भी आयोजन किया जाता है, जो यहां घूमने आए लोगों के लिए एक यादगार अनुभव होता है।

## ग्रेटर वैंकूवर जू, कनाडा

ब्रिटिश कोलंबिया क्षेत्र में बना यह चिड़ियाघर वैंकूवर गेम फार्म के रूप में शुरू हुआ था। तब यहां मुख्यतया हिरण जैसे छोटे जानवर रखे जाते थे। बाद में जब यहां जानवरों का संरक्षण किया जाने लगा, तब इसका नाम बदल कर ग्रेटर वैंकूवर जू कर दिया गया। अब यहां रेस्क्यू किए गए या बेसहारा जानवर भी रखे जाते हैं। यहां उन जानवरों को पुनर्वास और सुरक्षित माहौल दिया जाता है। पर्यटक यहां जू के स्टाफ के साथ जा सकते हैं, उनसे जानवरों की देखभाल के तरीके जान सकते हैं। यहां जानवरों की 150 से ज्यादा प्रजातियां हैं, जिनमें अमेरिका के सफेद शेर, चीते, तेंदुए, सहारा के रेगिस्तानी दुर्लभ एडैक्स हिरण, अमेरिकी एल्क हिरण, सफेद पेलिकन, अमेरिका का राष्ट्रीय पक्षी बॉल्ड ईगल, बाइसन, ओरेगॉन, पेंटेड टर्टल पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करते हैं। पर्यटक चिड़ियाघर में ओपन ट्रेन सफारी राइड का मजा भी उठा सकते हैं, जिसमें बैठकर पूरे चिड़ियाघर के जानवरों को पर्यटक आसानी से देख सकते हैं।





वैंकूवर जू में 'जुरासिक पार्क' मूवी की थीम से मिलता-जुलता डायनासोर वर्ल्ड भी है। इनमें डायनासोर के कई बड़े-बड़े एनिमाट्रॉनिक वर्किंग मॉडल बनाए गए हैं, जो धीरे-धीरे हिलते हैं और डरावनी आवाज भी निकालते हैं। उनके आगे लगे बोर्ड से आने वाले पर्यटक उनके बारे में जानकारी भी ले सकते हैं।

## हेनरी डोरली जू, अमेरिका

अमेरिका के नेब्रास्का में स्थित यह चिड़ियाघर, दुर्लभ और संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण के लिए मशहूर है। यहां जानवरों की एक हजार प्रजातियों के 20 हजार से अधिक जानवर रहते हैं। इस चिड़ियाघर में बड़े-बड़े इनडोर डोम (कांच के गुंबद) बनाए गए हैं, जिनमें इनडोर रेनफॉरेस्ट और दलदल (अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और एशिया के उष्णकटिबंधीय जंगलों के जानवर और पौधे की तर्ज पर), दुनिया का सबसे बड़ा इनडोर रेगिस्तान (अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिकी दक्षिण-पश्चिम के रेगिस्तान की तरह) को कृत्रिम रूप से बनाया गया है। यहां इन वातावरण में मिलने वाले जानवरों को भी रखा गया है।

इस चिड़ियाघर में दुनिया की सबसे बड़ी किंगडम ऑफ नाइट या रात्रिचर जानवरों को नॉक्टर्नल (रात्रिकालीन) माहौल में रखा जाता है। यानी कृत्रिम रूप से रात जैसा माहौल और तापमान बनाया जाता है, ताकि रात में सक्रिय होने वाले जीव-जंतुओं को दिन के समय भी सक्रिय देखा जा सके। इसके अलावा हेनरी डोरली चिड़ियाघर में उत्तर अमेरिका का सबसे बड़ा कैट कॉम्प्लेक्स भी है, जहां हिम तेंदुआ, अमूर बाघ, लाल पांडा जैसे हिमालय और एशिया की प्रजातियां देखने को मिलती हैं। साथ ही यहां अफ्रीकी घास के मैदान में पाए जाने वाले जिराफ, हाथी, जेब्रा, शेर, हब्बर्ड गोरिल्ला वैली आदि देखे जा सकते हैं।

यहां सुजैन एंड वॉल्टर स्कॉट अंडरवॉटर टनल-एक्वेरियम में शार्क, रे, समुद्री कछुए, ट्रॉपिकल मछलियां जैसे विशाल महासागरीय जंतु भी देखे जा सकते हैं। कुल मिलाकर, हेनरी डोरली चिड़ियाघर पर्यटकों को जानवरों के साथ-साथ उनके पूरे ईकोसिस्टम को देखने, जानने-समझने का अवसर प्रदान करता है। *

## क्रोकोसॉरस कोव, ऑस्ट्रेलिया

रोमांच के शौकीन लोगों के लिए ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में स्थित यह चिड़ियाघर बेस्ट है। यह चिड़ियाघर मूलतः मगरमच्छों के लिए बना है। इनके साथ ही यहां कई तरह के जलीय, स्थलीय ऑस्ट्रेलियन सरीसृपों जैसे-



सर्प, छिपकली, कछुए का दुनिया का सबसे बड़ा संग्रह भी है। पर्यटक इन्हें बेहद करीब से देख सकते हैं। पर्यटक यहां केज ऑफ डेथ नामक कांच के पारदर्शी पिंजरे में बैठकर 16 फीट गहरे पानी में विशाल मगरमच्छों को बिल्कुल करीब से देखने का रोमांचक अनुभव ले सकते हैं। मगरमच्छों को खिलाने का शो दिन में दो बार होता है। यहां मगरमच्छ के छोटे बच्चों को हाथ में पकड़ने-उठाने और उसके साथ फोटो खिंचवाने का भी मौका मिलता है।



---

कविता / सिराज अहमद

## आए-बाए-साए



जंगल है
जंगल में मंगल
उसमें भालू
दौड़े हल-बल
खुश हो कूदे
बंदर गल-गल
उड़-उड़ कौआ
गाना गाए
आए-बाए-साए।
बत्तख चलती
डगमग-डगमग
घोड़ा दौड़ा
टकबक-टकबक
तोता करता
बक-बक, बक-बक
बैठा उल्लू
आंख घुमाए
आए-बाए-साए।
इतने में
बादल आ धमके
आपस में
लड़-लड़कर बमके
जंगल में
बरसे फिर जम के
गिरकर बूंदें
शोर मचाए
आए-बाए-साए।

## बूझो तो जानें



1 दूध से उपजता मैं,
रंग मेरा होता सफेद।
प्रतिरोधकता खूब बढ़ाता,
जल्दी बताओ मेरा भेद।



2 गोल आकार है मेरा,
पेट में बीजों का बसेरा।
पाचन को करता दुरुस्त,
जो चख ले स्वाद मेरा।

3 रंग मेरा है बैंगनी,
डायबिटीज करता कंट्रोल।
पेट में मेरे रहती गुठली,
आकार है मेरा गोल।

- अलका जैन 'आराधना'

उत्तर : 1.दही, 2.अमरूद, 3.जामुन

## जीके क्विज-173



1. पिछले दिनों अपने देश में चलती हुई ट्रेन से किस मिसाइल की लॉन्चिंग की गई?
2. हाल ही में किसे सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला है?
3. चीन का शोक किस नदी को कहा जाता है?
4. ताज महल किस नदी के तट पर स्थित है?
5. अंतरिक्ष यात्रियों को आकाश का रंग कैसा दिखाई देता है?
6. पीसा की झुकी मीनार कहां स्थित है?
7. कागज का आविष्कार सबसे पहले किस देश में हुआ?
8. गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति किस स्थान पर हुई थी?
9. हमारे शरीर का कौन-सा अंग हमारे रक्त को शुद्ध करता है?
10. सेब में कौन-सा अम्ल पाया जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-173 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-172 का उत्तर :** 1.मोहनलाल, 2.कार्लोस अल्काराज, 3. 2 अक्टूबर, 4.गोपाल कृष्ण गोखले, 5.रविंद्रनाथ टैगोर, 6.चंपारण आंदोलन, 7.भारत छोड़ो आंदोलन, 8.1942, 9.महात्मा गांधी, 10.लाल बहादुर शास्त्री

**जीके क्विज-172 का सही उत्तर देने वाले :** आद्या-उमरिया, रमेश-बैकुंठपुर, कबीर-हिसार, अंकित-रायगढ़, विवेक-ईमेल से, सपना-बिलासपुर, मनीष-रोहतक, सुमन-बलौदा बाजार, राकेश-रायपुर, पलाश-मटियारी, अमन-बालोद

---

कहानी
इंदिरा त्रिवेदी

ऋषभ को दोस्तों के साथ सेल्फी और रील बनाने में बड़ा मजा आता था। इस चक्कर में वह खतरे भी मोल ले लेता था। एक बार ऋषभ अपने दोस्तों के साथ एक हिल स्टेशन पर गया। वहां सेल्फी में सनसेट का व्यू लेने में चक्कर में ऋषभ का पैर स्लिप हो गया, इसके बाद जो हुआ, उसके लिए बहुत बड़ा सबक था।

## लाइक, कमेंट का चक्कर



आजकल मम्मी, ऋषभ की सेल्फी लेने और रील बनाने की बढ़ती आदत से बहुत परेशान हैं। वह जब देखो, जहां देखो वहां, सेल्फी लेने लगता है या फिर ऊटपटांग रील बनाता है। मम्मी-पापा ने उसे कितनी बार समझाया, 'ऋषभ पढ़ाई पर ध्यान दो, भविष्य में पढ़ाई ही काम आएगी।' लेकिन उसके कानों पर जूं नहीं रेंगती।

कोरोना के पहले की स्थिति बिल्कुल अलग थी। वह पूरा ध्यान पढ़ाई में लगाता था, लेकिन जब कोराना के समय पढ़ाई मोबाइल के जरिए होने लगी तो उसका स्क्रीन टाइम बढ़ गया, आगे और ज्यादा बढ़ता ही चला गया। मोबाइल की तो जैसे उसकी लत ही लग गई। फिर उसका दोस्त सूरज, उसे सोशल मीडिया के न जाने कौन-कौन से प्लेटफॉर्म पर रील बनाकर अपलोड करने की सलाह देता रहता। ऋषभ को जैसे इसका चस्का ही लग गया।

सेल्फी लेते समय बच्चों द्वारा की गई लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में आए दिन अखबारों में छपता रहता है। मम्मी-पापा अकसर उसे इन खबरों के बारे में बताते और समझाते रहते हैं। वह 'हां-हां' कहता, लेकिन अगले दिन फिर वह सेल्फी लेने और रील बनाने में व्यस्त हो जाता।

अभी पंद्रह दिन पहले की ही बात है। सेल्फी लेने के चक्कर में दो दोस्त इतने मशगूल हो गए कि उन्हें पता ही नहीं चला कि कब वे सड़क के बीचों-बीच आ गए और दुर्घटना का शिकार हो गए। मम्मी कई बार सोचतीं कि ऋषभ को समझाऊं कैसे? लेकिन उन्हें कोई उपाय नहीं सूझता।

रविवार का दिन था। ऋषभ बड़ी जल्दी सोकर उठ गया। यह देख मम्मी ने उससे पूछा, 'क्या बात है, आज तो तुम बड़ी जल्दी उठ गए?'

'अरे कुछ नहीं, वो सूरज के साथ कहीं घूमने जाना है।' ऋषभ बोला।

'क्या सेल्फी लेने और रील बनाने की कोई जुगाड़ हो गई है?' मम्मी ने जानना चाहा।

'अरे नहीं मां, आज छुट्टी है, इसलिए ऐसे ही घूमने जा रहे हैं।' ऋषभ ने बात बनाई।

'अच्छा सुन, किसी खतरनाक जगह पर मत जाना और अपना खयाल रखना।' मम्मी यह हिदायत देकर अपने काम में लग गईं।

'मम्मी, चिंता मत करो।' कहकर ऋषभ अपने दोस्त सूरज के साथ चला गया।

शाम करीब सात बजे मम्मी के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से फोन आया। उन्होंने उसे नहीं उठाया, क्योंकि आजकल होने वाली फ्रॉड की घटनाओं को देखते हुए अनजान कॉल रिसीव नहीं करती थीं। दो-तीन बार जब फोन की घंटी बजी तो मम्मी डर गईं। ऋषभ की सेल्फी की आदत से वह वैसे ही डरी-डरी रहती थीं। रह-रह कर उनके मन में बुरे-बुरे खयाल आने लगे।

उधर वही हुआ, जिसका डर था। ऋषभ और सूरज दोनों अपने शहर से दूर एक हिल स्टेशन पर गए थे। आज चूंकि मौसम बहुत अच्छा था, सूरज के अलावा ऋषभ के चार दोस्त और उनके साथ हो लिए थे, तो सब बहुत मस्ती के मूड में थे। सारे दोस्त किराए की एक जीप में सवार होकर हिल स्टेशन पहुंचे थे। सड़क पर कई जगहों पर रुक-रुक कर उन सभी ने सेल्फी ली और ढेर सारी रील्स भी बनाईं। उन सबको बहुत मजा आ रहा था, लेकिन सेल्फी में सनसेट का व्यू लेने के चक्कर में ऋषभ का पैर स्लिप हो गया। वह 80 फीट की ऊंचाई से नीचे गिरने ही वाला था कि उसके साथियों ने उसे कसकर पकड़ लिया। ऋषभ को तो एक पल को लगा कि आज उसकी जान ही चली जाएगी। उसे मम्मी-पापा की हिदायतें रह-रह कर याद आने लगीं। वह यही सोचने लगा कि अगर उसे कुछ हो जाता तो बुढ़ापे में मम्मी-पापा का सहारा कौन बनता? उसकी छोटी बहन, जो उसे हर साल राखी बांधती है, वह उसकी रक्षा का वचन देता है, वो किसको राखी बांधती, कौन उसे रक्षा का वचन देता? उसके दादा-दादी की देखभाल कौन करता? ये सारी बातें उसके मन में आईं। ऋषभ ने फैसला किया कि अब वह सेल्फी लेने का अपना मोह छोड़ देगा। महज लाइक्स और कमेंट के लालच में अपनी जान दांव पर नहीं लगाएगा।

ऋषभ जब घर पहुंचा तो बहुत उदास था। मम्मी ने पूछा, 'बेटा क्या हुआ, इतने उदास क्यों हो?'

ऋषभ ने मम्मी को आज का सारा वाकया कह सुनाया। तब मम्मी को भी ध्यान आया कि उसके मोबाइल पर भी एक अंजान कॉल आई थी। मम्मी ने पूछा तो उसने अपने दोस्तों के बारे में बताया और यह भी बताया कि उस घटना के दौरान ही सूचना देने के लिए ऋषभ के दोस्त ने उन्हें कॉल किया था। ऋषभ ने कहा, 'मम्मी, मैं समझ गया कि मैंने आज जो किया, वह बहुत गलत है। मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए।'

'चलो, देर आए दुरुस्त आए।' मम्मी ने उसके सिर पर हाथ फेरा। ऋषभ की बातों से उन्होंने राहत की सांस ली। *

---

कविता
डॉ. राकेश 'चक्र'



## और बताओ मुझको नानी

सोचो नानी मुझे बताओ,
कैसे फूल डाल पर महकें।
भिन्न स्वाद के फल हम खाते,
खा पक्षी पेड़ों पर चहकें।।
और बताओ मुझको नानी,
बुलबुल क्यों गाती है गाना!
कभी हवा संयत हो जाए,
कभी बदल लेती है बाना!
मुझको नानी यह समझाओ,
तोते क्यों हरियल होते हैं?
और मोर के पंख निराले,
इतने रंगों के होते हैं!
प्यारी नानी, मुझे बताओ,
दिनकर क्यों है आग उगलता?
चंदा-मामा के मुखड़े पर,
खड्डे जैसा दाग झलकता!
और बताओ मुझको नानी,
बादल कैसे जल बरसाते?
कैसे सागर से जल लाकर,
भू,जीवों की प्यास बुझाते!
और बताओ मुझको नानी,
क्यों सागर का जल खारा है?
ऋतुओं की अदली-बदली से,
घटता बढ़ता क्यों पारा है?
कर दुलार, नानी फिर बोली,
प्रभु की ही है यह सब माया।
ईश्वर ही सबका मालिक है,
जिसने यह संसार बनाया।।

---

## रंग भरो-186

**रंग भरो-186** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





जॉन, अंबिकापुर



आशना, जांजगीर



आन्या, दुर्ग



रेयांश, बिलासपुर



माही, महासमुंद



डॉली, मटियारी

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

डिंपल-दुर्ग, पलक-अटेली मंडी, भूमिश-बिलासपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, हरीश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, कोमल-कोरबा

## रंग भरो 187



बच्चो, यहां बैलून से खेलती हुई लड़की और एक बर्ड का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### महिला कर्मियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया

**बहादुरगढ़।** शहर में स्थित एक कार शोरूम की महिला कर्मचारियों को झज्जर पुलिस की टीम ने आत्मरक्षा और सुरक्षा प्रशिक्षण दिया। चौकी प्रभारी उप निरीक्षक मोनिका और मुख्य सिपाही टीना ने महिलाओं को विपरीत परिस्थितियों में खुद की सुरक्षा करने तथा असामाजिक तत्वों का सामना करने के गुर बताए। उन्होंने ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा और डायल 112 जैसी हरियाणा पुलिस की विशेष सुविधाओं की जानकारी दी। महिलाओं को साइबर क्राइम, नशे के दुष्प्रभाव और साइबर फ्रॉड की शिकायत 1930 पर करने तथा नशीले पदार्थ की सूचना 9050891508 या 1933 पर देने के तरीकों के बारे में भी बताया गया।

### 21 पुलिस कर्मियों ने किया रक्तदान

**बहादुरगढ़।** थाना सदर बहादुरगढ़ में सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस के 21 जवानों द्वारा रक्तदान किया गया। थाना प्रबंधक सदर बहादुरगढ़ नरेश कुमार ने कहा कि रक्तदान बहुत बड़ा पुण्य का काम है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान जरुर करना चाहिए। ब्रह्म शक्ति हॉस्पिटल बहादुरगढ़ से डॉ. सुमन शर्मा, कुलदीप, प्रदीप, आरती, सविता, प्रेम, शिखा आदि मौजूद रहे।

## गांधी के सिद्धांतों व आदर्शों को अपनाएं छात्र : गुलिया

# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

*अभिभावकों ने शिक्षकों से मिलकर अपने बच्चों से संबंधित अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की जानकारी प्राप्त की*

- अभिभावक-अध्यापक मिलन समारोह आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में वीरवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में अभिभावक-अध्यापक मिलन समारोह आयोजित किया गया। मीटिंग में जहां अभिभावकों ने शिक्षकों से मिलकर अपने बच्चों से संबंधित अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की जानकारी प्राप्त की वहीं उनके सर्वांगीण विकास पर भी विस्तृत चर्चा की। एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने अभिभावकों को बताया कि आधुनिक दौर में बच्चों में घटते संस्कार एक चिंतनीय विषय है। अभिभावकों को चाहिए कि वे अधिकांश समय अपने बच्चों के साथ बिताएं तथा उन्हें मोबाइल की लत से दूर रखते हुए उनकी गतिविधियों पर भी नजर रखें। श्रद्धांजलि समारोह में एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा एवं हेमंत गुलिया ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए सिद्धांतों व आदर्शों को अपनाने का प्रण लिया।



झज्जर। महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि देते हुए डायरेक्टर रमेश गुलिया। फोटो :हरिभूमि

### गुभाना में किया गांधी-शास्त्री को नमन

**बहादुरगढ़।** गुभाना के लोकहित पुस्तकालय में लोकहित समिति के सदस्यों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। समिति अध्यक्ष नरेश कौशिक ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। सूबेदार मेजर सुरेश कुमार, जय भगवान, रामकुमार, श्रीओम कौशिक, सुदेश कौशिक व दीपक आदि ने उन्हें नमन किया।

### कांग्रेसियों ने किया गांधी और शास्त्री को नमन



बहादुरगढ़। महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेसी। फोटो :हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून के कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। नारायण बराही, प्रदीप जून, राजेश कल्सन, संजय पहलवान, जितेंद्र वाल्मीकि, रोहतास डाबला, जगन परनाला, राजेंद्र माजरा, कृष्ण राठी, रामकुमार जून, कर्मवीर राव, देवेंद्र दहिया, जगदीश, धर्मपाल बोहत व पवन प्रधान आदि कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### गांधी जयंती पर डीएलएसए ने निकाली शांतियात्रा

**झज्जर।** वीरवार को गांधी जयंती के उपलक्ष्य में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विशाल के नेतृत्व में एमडीडी आफ इंडिया संस्था एवं श्रम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शांति मार्च का आयोजन किया गया। इस मार्च का आयोजन महात्मा गांधी के आदर्शों और उनके द्वारा प्रतिपादित शांति एवं अहिंसा के संदेश को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया। शांति मार्च एडीआर सैंटर से लेकर सिलानी गेट, यादव धर्मशाला और पुरानी तहसील रोड से होते हुए अहिंसा परमो धर्म, वन्दे मातरम्, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, हम सब ने ठाना है, बाल विवाह मिटाना है और बाल श्रम अभिआप, कानूनी अपराध है नारे लगाते हुए महर्षि दयानंद स्टेडियम में संपन्न हुआ।

### श्रद्धांजलि देकर बताई सरकार की उपलब्धि



बहादुरगढ़। गांधी व शास्त्री को नमन करते दिनेश कौशिक व अन्य भाजपाई।

**बहादुरगढ़।** सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक दिनेश कौशिक के सेक्टर-2 स्थित कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके उपरांत भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में की गई जीएसटी दरों में कटौती पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि दरों में कमी से किसानों, उद्योग जगत और उपभोक्ताओं तीनों को सीधा लाभ मिलेगा। इस मौके पर मार्केट कमेटी चेयरमैन विनोद कौशिक, वाइस चेयरमैन प्रदीप गुप्ता, शहरी मंडल अध्यक्ष संजय सैनी, अटल मंडल अध्यक्ष पंकज गर्ग, राजू जून व संजय जून आदि मौजूद रहे।

### ट्रस्ट ने स्थापना दिवस पर सम्मानित किए पर्यावरण प्रहरी



बहादुरगढ़। यज्ञ में आहुति डालते पर्यावरण प्रेमी व उनके परिवार के सदस्य।

**बहादुरगढ़।** क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट ने अपने स्थापना के 10 वर्ष पूरे होने पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर ट्रस्ट के सदस्यों ने हवन कर पर्यावरण शुद्धता और प्रदूषण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।कार्यक्रम में पर्यावरण से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर किया गया। ट्रस्ट ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित किया और अपनी 10 वर्षों की उपलब्धियों को साझा किया। ट्रस्ट द्वारा अब तक शहर में 24 मिनी जंगल तैयार किए जा चुके हैं, जिनमें बड़ी तादाद में पौधे लगाए गए हैं। इसके साथ ही ट्रस्ट का बर्तन बैंक भी लगातार प्लास्टिक और डिस्पोजल उपयोग कम करने का संदेश देता रहा है। ट्रस्ट के सदस्य लगातार पौधारोपण कर और स्कूलों में जाकर बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाते रहे हैं। इस अवसर पर पर्यावरण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले दलबीर सिंह देशवाल, रिटायर्ड एसडीओ मुकेश कुमार, प्रेमप्रकाश, सुशील अग्रवाल, सतबीर रेढू, पूर्व पार्षद वजीर राठी, राष्ट्र देवी, राजबाला, युजवेंद्र सिंह, विजयपाल, राजबीर, कुलबीर, विवान-विराज और शिवकांत सहित कई लोगों को सम्मानित किया गया। ट्रस्ट सदस्यों का कहना है कि आने वाले समय में वे पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने तथा पौधारोपण जैसे कार्यों को और अधिक गति देंगे।

### 140 भक्तों ने ली दीक्षा

**बहादुरगढ़।** लाइनपार स्थित इस्कॉन मंदिर में भव्य प्रथम दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राधा मदनगोपाल व निताई चंद गौरसुंदर के दिव्य दर्शन कराए गए। समारोह में बहादुरगढ़, झज्जर, भिवानी, हिसार, बागपत और रोहतक से आए 140 भक्तों ने हरिनाम एवं ब्राह्मण दीक्षा ग्रहण की। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु पूजन से हुई, जिसे प्रभुदानंद सरस्वती स्वामी महाराज ने संपन्न कराया। उन्होंने भक्तों को दीक्षा प्रक्रिया की महत्ता और कृष्ण चेतना के सिद्धांतों का पालन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि इस्कॉन में दीक्षा लेने के लिए भक्त को शिष्य पाठ्यक्रम पूरा करना होता है। साथ ही प्रतिदिन 16 माला महामंत्र का जप करना, मांसाहार, नशा, जुआ से दूर रहना होता है। दीक्षा से भक्त के जीवन में तपस्या, शुद्धता, करुणा और सत्यनिष्ठा का विकास होता है। गुरु के मार्गदर्शन में उन्हें आध्यात्मिक ज्ञान और भक्ति का गहरा अनुभव मिलता है। समारोह में शामिल भक्तों ने इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय क्षण बताते हुए सदैव कृष्ण सेवा और भक्ति मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



बहादुरगढ़। इस्कॉन मंदिर में हुए समारोह में दीक्षा लेते भक्त।

## आत्मशुद्धि आश्रम में मनाया स्थापना दिवस

- भजनोपदेशकों ने वेदों के महत्व को रेखांकित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

आत्मशुद्धि आश्रम के 59वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सात दिवसीय निःशुल्क शिविर वीरवार को संपन्न हो गया। सप्ताहभर शिविर में आर्य सत्यपाल वत्स ने यौगिक क्रियाएं करवाई। भजनोपदेशकों ने वेदों के महत्व को रेखांकित किया।

शहर के आत्मशुद्धि आश्रम में आश्रम के मुख्य अधिष्ठाता आचार्य विक्रम देव जी नैष्ठिक के सानिध्य में 26 सितंबर से चल रहा 59वां स्थापना दिवस व वार्षिकोत्सव यज्ञ समारोह वीरवार को विधिवत रूप से संपन्न हो गया।



बहादुरगढ़। आश्रम के स्थापना समारोह में उपस्थित आर्य समाजी। फोटो :हरिभूमि

### वेद जीवन जीने की कला है

*समापन समारोह के दौरान यज्ञ पूर्णहुति के पश्चात भजनोपदेश का कार्यक्रम हुआ। शिविर में यज्ञब्रह्मा आचार्य उमेश चंद्र रहे। स्वामी रामानंद सरस्वती ने बच्चों के संपूर्ण व्यक्तित्व को निखारने के लिए नैतिक शिक्षा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वेदों का अनुसरण ही सुख, शांति का मार्ग है। कहा कि वेद जीवन जीने की कला है, जो जीवन के सत्य का बोध कराता है। उन्होंने कहा कि आर्य वेदों के अनुयाई थे, यही कारण है कि उन्हें यह संज्ञा दी गई है। आचार्य विक्रम देव जी नैष्ठिक के अनुसार वेद कहते हैं कि नैतिक शिक्षा सर्वोपरि है। समारोह में आर्य तपस्वी सुखदेव वर्मा, डॉ. रवि शास्त्री, शिवस्वामी, कैप्टन महेंद्र पंवार, आचार्य भगवान दास जी महाराज, पंडित जयभगवान आर्य, पंडित लक्ष्मण प्रसाद, पंडित धनीराम बेधड़क, रामानंद सिवान, राधेश्याम आर्य आदि उपस्थित रहे।*

### 201 की जांच के बाद 70 चश्मे बांटे



बहादुरगढ़। कैंप में पात्र महिला को चश्मे देती सरोज राठी व ज्योति रोहिल्ला। फोटो :हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** लॉर्ड शिवा आंखों और दांतों के अस्पताल द्वारा निःशुल्क नेत्र वार्ड-28 में जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप की अध्यक्षता पार्षद ज्योति रोहिल्ला ने की। चेयरपर्सन सरोज राठी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिविर का उद्घाटन किया। शिविर का संचालन डॉ. अश्विनी सेठ और उनकी टीम ने किया। इस दौरान 201 लोगों की जांच की गई और 70 पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। इस दौरान मास्टर कृष्ण, मास्टर सर्वजीत, मास्टर सत्यप्रकाश, प्रकाश सिंह, राजेंद्र अहलावत, रामदिया फौजी, कृपा शंकर पांडेय, राणा पांडेय, हरीश चंद्र, चंदर सिंह, दया जोशी, सवी रावत, धीरज, सोनिया और कविता आदि शामिल रहे।

### सफाई कर्मियों को पुरस्कृत किया





झज्जर। हाथों में पुरस्कार लिए हुए सफाई कर्मी। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में चलाया जा रहा स्वच्छता पखवाड़ा वीरवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पर संपन्न हो गया। स्कूल के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने पखवाड़े के दौरान महात्मा गांधी द्वारा दिए गए स्वच्छता ही सेवा के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए विभिन्न स्वच्छता अभियानों, जागरुकता कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। समापन अवसर पर विद्यालय की सफाई व्यवस्था को उत्कृष्ट बनाए रखने में अपना अमूल्य योगदान देने वाले सफाईकर्मियों को सम्मानित कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। संस्कारम समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन कर उनके स्वच्छता के संदेश पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांधीजी ने स्वच्छता ही सेवा का मंत्र दिया था। सफाई कर्मियों को सम्मानित करते हुए चेयरमैन डॉक्टर महिपाल यादव ने उनके निस्वार्थ सेवा भाव और समर्पण की सराहना की।

### सेवा के साथ संपन्न हुआ पखवाड़ा

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े का समापन गांधी जयंती पर हुआ। इस दौरान स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता रैली निकालकर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और स्वच्छ भारत अभियान में सहयोग करने का संदेश दिया। प्रिंसिपल डॉ. आशा शर्मा ने बताया कि बीते पखवाड़े में छात्राओं ने स्वच्छता शपथ, घर–घर जाकर जागरूकता अभियान, पेड़–पौधों की देखभाल, घर–समुदाय व महाविद्यालय की साफ–सफाई, स्लोगन लेखन, पुराने कपड़ों का संग्रह एवं दान, श्रमदान, वरिष्ठ जनों की सेवा, कपड़े के बैग बनाना और प्लास्टिक मुक्त समाज का संदेश देने जैसी गतिविधियां आयोजित की। उन्होंने कहा कि गांधी जयंती हमें स्वच्छता, सत्य और अहिंसा का संदेश देती है। रावण दहन केवल परंपरा नहीं, बल्कि बुराइयों को समाप्त करने का प्रतीक है। यदि युवा पीढ़ी ठान ले तो समाज से हर कुरीति मिटाई जा सकती है।



बहादुरगढ़। झुग्गी में रहने वालों को कपड़े देती स्वयंसेविकाएं।



बेरी। कैंप के दौरान लोगों की स्वास्थ्य जांच करते हुए चिकित्सीय टीम। फोटो :हरिभूमि

### स्वास्थ्य जांच शिविर में 708 लोगों ने कराई जांच

**बेरी।** बीतें 17 सितंबर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा का वीरवार को समापन हो गया। इस अवधि में स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवा,रक्तदान सहित सेवा भाव से जुड़े कार्यों को गति प्रदान की गई है। समापन अवसर पर स्थानीय नागरिक अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 708 से ज्यादा नागरिकों ने पंजीकरण कराते हुए स्वास्थ्य जांच कराई। एसएमओ डॉक्टर सुभाष चंद्र ने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर में 708 लोगों ने चैकअप करवाया। उन्होंने बताया कि इस दौरान नागरिकों ने शुगर, बीपी, कैंसर, त्वचा संबंधी, दांतों का चैकअप, खून टेस्ट आदि बीमारियों का चैकअप कराया। इस मौके पर एसएमओ डॉक्टर सरोज दहिया, डॉक्टर रश्मि, डॉक्टर अभिमन्यु , डॉक्टर आस्था, जगदीश चंद्र, सूचना सहायक अनिल शर्मा, राजेश, रितु सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## पारंपरिक सांझी उत्सव हुआ संपन्न

- सांझी बनाने वाली बेटियों और माताओं को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव सांखोल में पांचवां सांझी उत्सव समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। गांव की छोटी चौपाल में आयोजित समापन समारोह में सांझी बनाने वाली सभी बेटियों और माताओं को प्रदूषण नियंत्रण विभाग के रीजनल ऑफिसर शैलेंद्र अरोड़ा व सरपंच टीनू ने सम्मानित किया। शाम के वक्त तमाम सांझियां मटके में डालकर तालाब में विसर्जित कर दी गईं।

दरअसल, विलुप्त होती सांझी परंपरा को नई पीढ़ी से रूबरू कराने के लिए संस्था की ओर से लगातार पांच साल से यह आयोजन किया जा रहा है। इस बार सांझी प्रतियोगिता के बजाय उत्सव का आयोजन हुआ।



बहादुरगढ़। सांखोल में सांझी बनाने वाली महिलाओं व बच्चियों को सम्मानित करते अतिथि। फोटो :हरिभूमि

### सांझी हमारी प्राचीन परंपरा

अमावस्या की शाम को गांव की महिलाओं ने घरों के बाहर दीवार पर सांझी डाली। फिर पूरे नवरात्र सुबह-शाम सांझी माता के गीत गाकर पूजा अर्चना की। वीरवार को चौपाल में कार्यक्रम आयोजित कर सांझी बनाने वाली लगभग तीन दर्जन महिलाओं, बच्चियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में मिस हरियाणा आरजू अहलावत का भी स्वागत किया गया। समिति सदस्यों ने बताया कि सांझी हमारी प्राचीन परंपरा है और यह त्योहार प्रकृति से जुड़ा हुआ है। आगे भी इस तरह के आयोजन जारी रहेंगे। अजय ग्रेवाल, निर्मला, सुनी, विजय कालीरमन, सतबीर, अनूप दलाल, जयंत तंवर, अजीत गोयल, भूप सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### संस्कार और संस्कृति से जोड़ते हैं त्यौहार : डॉ. महिपाल



झज्जर। कार्यक्रम में डांडिया नृत्य की प्रस्तुति देते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** संस्कारम विश्वविद्यालय परिसर में डांडिया नाइट्स और रावण दहन का आयोजन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। पारंपरिक परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने देर रात तक संगीत और नृत्य का आनंद लिया। रंग-बिरंगी रोशनियों और विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे परिसर को जीवंत बना दिया। डांडिया नाइट्स में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने मां भगवती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि त्यौहार हमारी विरासत हैं, जो हमें संस्कार और संस्कृति से जोड़ते हैं तथा विविधताओं में एकता का संदेश देते हैं। दशहरा पर्व असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है, जो हमें अपने अंदर की बुराइयों का दहन कर सद्गुणों को अपनाने की प्रेरणा देता है। वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉक्टर चंद्र प्रकाश ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों को प्रतिभा प्रदर्शन का मंच प्रदान करते हैं। भारतीय संस्कृति का अनुभव कराना ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेलजोल बढ़ाने का भी यह सशक्त माध्यम है। ढोल-नगाड़ों और लोकगीतों की धुन पर विद्यार्थियों ने गरबा और डांडिया प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध किया।

## खो-खो में झज्जर की लड़कियों की टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया

# राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों ने चमकाया नाम

*आर्चरी खेल में अनु ने कांस्य तथा विश्व ने कांस्य पदक प्राप्त किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

हरियाणा सरकार एवं खेल विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के द्वितीय चरण में जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक हासिल किए हैं। जिला खेल अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि जूडो में रेनू 48 किलोग्राम भारवर्ग में ने कांस्य पदक, प्रगति 78 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक, तुषार 66 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक, आर्यन 90 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक तथा प्रियांशु 100 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं कराटे में जगदीश ने 60 किलोग्राम भारवर्ग में रजत, रिषभ राठी ने 67 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण, संगम ने 75 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य, कैलाश ने 84 किलोग्राम भारवर्ग में रजत, विशाल ने 84 प्लस किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण तथा पायल ने 55 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक प्राप्त किया है। इसके अलावा खो-खो खेल में झज्जर की लड़कियों की टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया। टीम में दिव्या, मनेश, शिवानी, निशा, रुचिका, तन्नू, मुस्कान, मोनिका, रिदिमा, मधू, पपीता और तमन्ना शामिल थीं। रोविंग खेल में आर्यन ने सिल्वर, लक्ष्य और अंशु की टीम ने स्वर्ण पदक जीता।



झज्जर। विजेता खिलाड़ी और प्रशिक्षक ट्राफी व मेडल दिखाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी

*आर्चरी खेल में अनु ने कांस्य तथा विश्व ने कांस्य पदक प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि कुश्ती में कमल ने 79 किलोग्राम भारवर्ग में, अनिकेत ने 86 किलोग्राम भारवर्ग में, रवि ने 130 किलोग्राम भारवर्ग में, कुणाल ने 72 किलोग्राम भारवर्ग में, साहिल ने 63 किलोग्राम भारवर्ग में और सुहानी ने 62 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक प्राप्त किए। जबकि संजु ने 125 किलोग्राम भारवर्ग में, आशु ने 55 किलोग्राम भारवर्ग में और शिक्षा ने 76 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीते और हिमांशु ने 70 किलोग्राम भारवर्ग में, आमिर ने 97 किलोग्राम भारवर्ग में और मुस्कान ने 68 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके अलावा साइक्लिंग खेल में मिनी, ललिता ने रजत पदक जीते, जबकि अंशु, वर्षा, खुशी, जतिन और देव ने कांस्य पदक प्राप्त किए। वेटलिफ्टिंग में निधि, तनया, हिमांशी और दीपांशु ने रजत पदक जीते, जबकि मोनिका, प्रिंस, तुषार और शंकर ने स्वर्ण पदक हासिल किए। तैराकी खेल में उधम सिंह, शोभित गिल, वीर दलाल और इशिका सहरावत ने स्वर्ण पदक जीते। मयंक ने रजत तथा वर्षा ने कांस्य पदक प्राप्त किया।*

### ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर मनाया विजयदशमी पर्व



बहादुरगढ़। सेक्टर–2 सेवाकेंद्र में उपस्थित ब्रह्मकुमार व ब्रह्मकुमारियां।

*__बहादुरगढ़।__ विजयदशमी का पावन पर्व प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सेक्टर-2 सेवाकेंद्र पर बड़े धूमधाम और आध्यात्मिक उमंग-उत्साह के साथ मनाया गया। सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने जीवन से बुराई का समूल नाश करेंगे और आत्मिक शक्तियों से युक्त होकर सच्चा रावण-दहन करेंगे। मुख्य संचालिका बीके अंजलि दीदी ने कहा कि रावण बुराइयों का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि उसके 10 शीश काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष, घृणा, नफरत तथा आलस्य-अलबेलापन आदि बुराइयों के प्रतीक हैं। इन बुराइयों पर विजय प्राप्त करना ही विजयदशमी का वास्तविक संदेश है। बीके विनीता दीदी ने कहा कि अहंकार सभी बुराइयों की जड़ है। यदि हम अहंकार को समाप्त कर दें तो शेष सभी बुराइयां स्वतः ही समाप्त हो जाएंगी। बीके रेणु दीदी ने कहा कि यह दिन अच्छाई की बुराई पर जीत का प्रतीक है। बीके अमृता दीदी ने कहा कि जीवन में जो भी रावण रूपी बुराइयां हैं, उन्हें योग की अग्नि में जलाकर ही हम सच्ची विजय प्राप्त कर सकते हैं। बीके लक्ष्मी दीदी ने विजयदशमी पर एक हृदयस्पर्शी और प्रेरणादायक कविता प्रस्तुत की, जिसने सभी के मन को छू लिया। कार्यक्रम में बीके इंदु बहन, बीके सुनंदा बहन, बीके भरत भाई, बीके आशीष भाई, बीके नवीन भाई और बीके संदीप भाई ने उमंग और उत्साह से भरे गीत प्रस्तुत किए।*

## खबर संक्षेप


बहादुरगढ़। वीरवार को हरिदास मंदिर में माथा टेकती महिला श्रद्धालु।

### टांडाहेडी के हरिदास मंदिर में लगा मेला

**बहादुरगढ़।** गांव टांडाहेडी में बाबा हरिदास मंदिर प्रांगण में दशहरा पर्व के अवसर पर वीरवार को मेले व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से सैकड़ों लोग पहुंचे और पवित्र तालाब में स्नान के बाद बाबा के मंदिर में माथा टेका। हवन-यज्ञ के बाद भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बता दें कि गांव टांडाहेड़ी में हर वर्ष विजयदशमी के मौके पर बाबा हरिदास मंदिर में मेला लगता है, जिसमें दूर दराज क्षेत्र से आकर असंख्य श्रद्धालु मंदिर में माथा टेक कर अपनी मुराद मांगते हैं। वीरवार को मंदिर में सुबह हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। उसके बाद विशाल भंडारा लगाया गया।

### सूरजकुंड दिवाली मेला शुरू : पाटिल

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि हरियाणा पर्यटन निगम द्वारा आयोजित सूरजकुंड दिवाली मेला वीरवार से शुरू हो गया है, जो आगामी 7 अक्टूबर तक फरीदाबाद के सूरजकुंड मेला ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है। मेले में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से आए शिल्पकार, कलाकार और उद्यमी अपनी कला और संस्कृति की झलक प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह मेला लोगों को देश और प्रदेश की विविध कला, संस्कृति, हस्तशिल्प और परंपराओं से रूबरू कराने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करता है।

### महिला शक्ति ने किया डांडिया

**बहादुरगढ़।** शहर की ओमेक्स सिटी स्थित अरमान द जंगली कैफे में डांडिया कार्यक्रम हुआ। इसमें वार्ड नंबर-12 की पार्षद मनीषा धनखड़ ने भी शिरकत की। यह आयोजन शक्ति महिला समिति द्वारा किया गया। किटी मुंझाल, चारू, ज्योति, दीपा, संगीता, रीतू, अनीता, मोना, अनुपमा, अरुणा, मधु चौहान, जिम्पी, साहिबा आदि महिलाओं ने अपनी संस्कृति, कौशल और रचनात्मकता को प्रदर्शित किया।

### कई कार्यक्रमों में शामिल हुए पूर्व विधायक

**बहादुरगढ़।** पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने वीरवार को विजयादशमी के साथ ही सेवा पखवाड़ा अभियान के समापन पर आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने किला मौहल्ला में शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। महाबीर मंदिर के साथ ही हरदिल मिलाप सभा के कार्यक्रमों में शिरकत की। सेवा पखवाड़े के समापन कहा कि भाजपा का लक्ष्य सिर्फ सत्ता प्राप्त करना नहीं बल्कि जनता की सेवा करना और देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है।

## पुराने कोर्ट में फूंका गया रावण का पुतला जलते-जलते हो गया धराशायी

# विजयदशमी पर हुआ पाप व बुराई का दहन

## विधायक ने किया भगवान राम के चरित्र से प्रेरणा लेने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के बादली रोड स्थित पुराने कोर्ट परिसर में विजयदशमी पर रावण दहन देखने के लिए असंख्य लोगों की भीड़ उमड़ी। हालांकि बारिश के कारण भीगा होने के कारण रावण का पुतला जलते-जलते ही धराशायी हो गया। इससे पहले विधायक राजेश जून ने रावण के पुतले को आग के हवाले किया।

वीरवार को सुबह से ही घरों में अपराजिता पूजन, सरस्वती पूजन व शस्त्र पूजन विधि विधान से किया गया। विजय का प्रतीक दशहरा पर्व बहादुरगढ़ में पूरी श्रद्धा व उल्लासपूर्वक मनाया गया। सनातन धर्म परोपकारी सभा द्वारा शहर के पुराने कोर्ट परिसर में सायंकाल करीब 6 बजे रावण के पुतले को आग के हवाले किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश जून ने मेले में मौजूद लोगों से भगवान राम के चरित्र से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।



बहादुरगढ़। पुराने कोर्ट परिसर में धू-धू कर जलता दशानन तथा आग लगते ही गिरने लगा रावण का पुतला। फोटो : हरिभूमि

**हमें अच्छे विचार ग्रहण करने चाहिए : राजेश जून**

उन्होंने कहा कि हमें अच्छे विचार ग्रहण करने चाहिए, तभी समाज का भला हो सकता है। भीड़ 'जय श्री राम' का जयघोष करती रही। शहर की ओमेक्स सिटी में रेजिडेंट्स ने बुराई के प्रतीक रावण के कुनबे के पुतले जलाए। चेयरपर्सन सरोज राठी ने पुतलों को दहन करके लोगों से सामाजिक बुराई त्यागने का आह्वान किया। कई अन्य स्थानों पर रावण के पुतले आग के हवाले किए गए।

## धूं-धूं कर जले रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले

हजारों की संख्या में मेला देखने के पहुंचे लोग, मोबाइल में वीडियो बनाने का दिखा क्रेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

श्री प्राचीन रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला मैदान में वीरवार को रावण दहन के साथ दशहरा पर्व मनाया गया। रामलीला मंचन के दौरान पूरा दिन युद्ध के नाम रहा। संजीवनी बूटी से मूर्छा से बाहर आए लक्ष्मण ने फिर से रावण पुत्र मेघनाथ से लड़ने का निर्णय लिया और युद्ध के लिए उठ खड़ा हुआ। इसके बाद लक्ष्मण से युद्ध के दौरान मेघनाथ का मारा जाना। श्रीराम चंद्र के साथ हुए युद्ध में महाबली कुंभकर्ण सहित एक-एक करके रावण दल के सभी योद्धाओं का खात्मा हो गया। इसके बाद लंकापति रावण भी श्रीराम चंद्र से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। श्रीराम चंद्र जी ने वेदों के ज्ञाता रावण से सीख लेने के लिए अपने भाई लक्ष्मण को भेजा तो उन्होंने सीख दी की विपरित परिस्थितियों में भी अपने भाई या परिवार वालों का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार तुमने हर परिस्थिति में अपने भाई का साथ दिया और तुम विजय के प्रतीक बने तथा मैने अपने भाई से दुश्मनी की तो मेरा विनाश होता चला गया। यदि मेरा भाई मेरी नाभी में अमृतकुंड होने की बात तुमसे नहीं बताता तो मेरा मरना नामुमकिन था। उधर, बाद में शहर में विजय जुलूस निकाला गया। इस दौरान पूर्व शिक्षामंत्री एवं विधायक गीता भुक्कल, गोवर्धन प्रधान 360 महरौली, मनीष बंसल, सुभाष गुर्जर सहित काफी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।


झज्जर। रामलीला मैदान में धूं धूं कर जलते हुए रावण, मेघनाथ, कुंभकर्ण के पुतले।


झज्जर। दुजाना गांव में कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए आयोजक कमेटी सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**दुजाना गांव में निकली शोभा यात्रा**

दुजाना गांव में दिन में शोभा यात्रा और सांय रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया गया। रामलीला कमेटी के उप प्रधान संजय सहगल ने बताया कि शोभा यात्रा कार्यक्रम में झज्जर नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने विजयी दशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए लोगों से सत्य के मार्ग पर चलने का आहवान किया। इस दौरान प्रधान कृष्ण लाल बग्गा, मनीष शर्मा नंबरदार, सीताराम शर्मा नंबरदार, शिव कुमार सैनी, प्रकाश पंच, जोरावर पंच, लक्ष्मण नंबरदार, वेद प्रकाश नंबरदार, दिनेश छिकारा व अन्य मौजूद रहे।

## भाषण प्रतियोगिता में दीपक कुमार ने पाया पहला स्थान


**झज्जर।** वीरवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुढ़ा में महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य जीतपाल ने बताया कि कार्यक्रम में कुसुम चहल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने गांधी जी तथा शास्त्री जी को नमन करते हुए कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी की जयंती पर हमें उनके दिखाए सत्य, अहिंसा और ईमानदारी के मार्ग पर चलने का प्रण लेना चाहिए। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें दीपक कुमार ने पहला, नितिन ने दूसरा व रजत ने तीसरा स्थान हासिल किया। सभी विजेताओं को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्थान अधीक्षक राजकंवर अहलावत व महिला आईटीआई गुढ़ा की इंचार्ज सत्यवती सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## एचडी के दस विद्यार्थियों ने पास की एनडीए की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर


- एचडी ग्रुप सचिव हेमंत गुलिया ने छात्रों को दी बधाई

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास के दस विद्यार्थियों ने एनडीए की परीक्षा क्वालिफाई करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। एचडी ग्रुप सचिव हेमंत गुलिया ने बताया कि बीती 14 सितंबर को एनडीए की लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी।

सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों में नवदीप, आर्यन, सार्थक, साक्षी, दीपांशु, राधिका, मोहित, अंशु, रीतिक व शीना शामिल है। उन्होंने विद्यार्थियों की तैयारी कराने वाले शिक्षक रोहताश बल्हारा के प्रयासों की भी सराहना की। अब ये विद्यार्थी एसएसबी फेस करके सेना में अधिकारी बनकर देशसेवा में अपनी भागीदारी निभाएंगे। इस उपलब्धि पर एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया व सचिव विशाल नेहरा ने सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


झज्जर। होनहार छात्रा साक्षी को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं देते हुए डायरेक्टर रमेश गुलिया। फोटो : हरिभूमि

### एनडीए परीक्षा में क्वालिफाई रहा लोकेश


**झज्जर।** तक्षशिला विद्यापीठ स्कूल बेरी के होनहार छात्र लोकेश ने एनडीए परीक्षा क्वालिफाई कर संस्थान का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्राचार्य नसीब अहलावत ने बताया कि लोकेश शुरू से ही प्रतिभाशाली विद्यार्थी रहा है। उसने दसवीं व बारहवीं की परीक्षा भी बेहतरीन अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। इस सफलता पर विद्यालय निदेशक हरबीर डबास व चेयरमैन सुखबीर डबास ने स्टाफ सदस्यों को बधाई देते हुए लोकेश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


बहादुरगढ़। सेवा पखवाड़े के समापन पर ग्रामीणों के साथ अशोक राठी।

### परनाला में संपन्न हुआ सेवा पखवाड़ा

**बहादुरगढ़।** गांव परनाला में आयोजित सेवा पखवाड़ा अभियान वीरवार को संपन्न हो गया। सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अशोक राठी ने बताया कि 17 सितंबर से शुरु हुए इस अभियान में तमाम जनसेवा से जुड़ी गतिविधियां की गई। उन्होंने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सरपंच मुकेश राठी ने गांव परनाला में चल रहे इस अभियान के समापन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन से शुरू हुआ यह अभियान आज समाप्त हो रहा है, लेकिन सेवा और समर्पण का संकल्प हर क्षण जारी रहना चाहिए। इस अवसर पर जितेंद्र प्रधान बामडौली, जोगी मेम्बर, रमेश, औमप्रकाश फौजी व रामकरण आदि मौजूद रहे।

## संस्कारम् स्कूल के 14 विद्यार्थियों ने एनडीए परीक्षा में लहराया परचम

### समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने छात्रों को दी बधाई


झज्जर। एनडीएम परीक्षा के सफल विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

संस्कारम् पब्लिक स्कूल खातीवास के 14 मेधावी विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की लिखित परीक्षा में सफलता हासिल की है। परीक्षा उत्तीर्ण करने विद्यार्थियों में अमन, लेखदीप, हरदीप, राहुल, रक्षित जांगड़ा, शुभम, चिराग, यश कादियान, दैविक, लक्ष्य, जीवेश, दिनेश, साहित, अक्षय व साहिल शामिल हैं। संस्कारम् समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने बताया कि एनडीए की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद इन विद्यार्थियों का अगला चरण एसएसबी इंटरव्यू है, जो अधिकारी बनने की राह में सबसे निर्णायक है। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल की अनुभवी टीम के नेतृत्व में स्कूल परिसर में ही इन सफल विद्यार्थियों की तैयारी कराई जाएगी।


बहादुरगढ़। दौड़ जीतने के बाद खुशी जाहिर करते रहे बीआरजी के धावक।

## नोएडा यूनिटी रन में रहा बीआरजी का दबदबा

**बहादुरगढ़।** नोएडा यूनिटी रन के 5वीं एडिशन में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावकों ने अपने शानदार प्रदर्शन किया। आयोजकों की ओर से टीम बीआरजी को विशेष मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। दीपक छिल्लर ने बताया कि धर्मवीर ने 5 किलोमीटर दौड़ में ओवरऑल द्वितीय स्थान हासिल किया। धर्मवीर सैनी ने 5 किलोमीटर श्रेणी में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा बावा सिंह, नरेंद्र सिंह, गीता, शलभ खरे, गुलाब, अमृत कौर, शमशेर, राजीव, ललिता पांडे, राजेश, अशुतोष, राजेश कुमार शर्मा, अनिल कुमार त्यागी, अब्बास, रिजुल हांडा, ललित सहगल, जय प्रकाश यादव और आकाश मिश्रा आदि ने रन को सफलतापूर्वक पूरा किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### दोनों नगरों के 4 कार्यक्रमों में 386 गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शस्त्र पूजा के उपरांत किया पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

विजयदशमी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना दिवस पर विवेकानंद नगर और शिवाजी नगर में विजयादशमी का कार्यक्रम मनाया गया। दोनों नगरों के 4 कार्यक्रमों में 386 गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। पथ संचलन के साथ ही शस्त्र पूजा की गई। शिवाजी नगर (लाइनपार) वैश्य डिग्री कालेज में कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ राजवंती शर्मा ने की।

जिला कार्यवाह भास्कर ने उद्बोधन किया। सूर्या रोशनी के कार्यक्रम में अध्यक्षता मेजर सुधीर राठी ने की और दीपक श्रीवास्तव का उद्बोधन रहा। विवेकानंद नगर में 3 कार्यक्रम हुए। किला मोहल्ला स्थित बत्रा पार्क में 84 गणवेश धारी स्वयंसेवकों ने मेन बाजार में पथ संचलन किया। उद्बोधन विहिप के विभाग संयोजक पीतांबर ने किया और अध्यक्षता एसीपी प्रदीप ने की। देवीलाल पार्क में उद्बोधन सहजिला कार्यवाह राकेश और अध्यक्षता जयपाल सांगवान ने की। कसार गांव में उद्बोधन सह नगर कार्यवाह महेंद्र भाटी का रहा। इन कार्यक्रमों के संघ की 100 वर्षों की संघर्षमय यात्रा एवं सामाजिक उपलब्धियों को रेखांकित किया गया। आपदा में किए गए कार्य बताए गए। विश्व में बढ़ती प्रतिष्ठा का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के व्यक्ति का जीवन स्तर बढ़ता हुआ दिखाई देता है। सभी कार्यक्रमों में पंच परिवर्तन का आवाह्न किया गया। जिसमें सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वा की अवधारण एवं नागरिक कर्तव्यों की बात की गई।


बहादुरगढ़। संघ की उपलब्धियों की जानकारी देते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रहा संघ : प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

विजयदशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपना 100वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। नगर के एस डी शिक्षण संस्थान में आयोजित शताब्दी स्थापना दिवस समारोह में मुख्य वक्ता रोहतक विभाग प्रचारक प्रदीप रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत प्राचार्य डॉक्टर श्रीनिवास शर्मा ने की। भारत माता एवं शस्त्र पूजन के उपरांत सैकड़ों स्वयंसेवकों ने नगर में पथ संचलन किया। पथ संचलन एसडी फार्मेसी कॉलेज से प्रारंभ होकर चौपटा बाजार, अंबेडकर चौक, मेन बाजार, यादव धर्मशाला चौक, तीन मूर्ति मंदिर चौक, सिलानी गेट होते हुए फार्मेसी कॉलेज में ही संपन्न हुआ।


झज्जर। शहर में पथ संचलन करते हुए स्वयंसेवक।

- डॉक्टर श्रीनिवास शर्मा ने की संचलन की अध्यक्षता

**जगह-जगह पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत**

पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवकों का नगरवासियों नें जगह-जगह पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। संघ स्थापना दिवस कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वदेशी सामान की लगाई गई प्रदर्शनी व प्रचार विभाग की साहित्य प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान अपने संबोधन में मुख्यवक्ता रोहतक विभाग प्रचारक प्रदीप ने संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन और संघ की स्थापना विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए 100 वर्ष के संघर्ष की व्याख्या की और भविष्य में भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने का लक्ष्य लेकर समाज को एकजुट व जागरूक कर रहे